# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

सरकार ने हाल ही में मोबाइल ऐप 'Meri LiFE' (My Life) शुरू किया है. इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कदम उठाने के लिये युवाओं को प्रोत्साहित करना है. यह ऐप मिशन लाइफ की अवधारणा से प्रेरित है जिसे प्रधानमंत्री ने कॉप 26 में सामने रखा था. मिशन लाइफ में संसाधनों के सचेत और सुविचारित उपयोग पर जोर दिया गया है. आपकी राय में भारत में digital penetration के मौजूदा स्तर को देखते हुए ऐसे ऐप देशभर में मिशन लाइफ को अपनाये जाने में किस तरह मदद कर सकते हैं?

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को 7/6/2023 तक writetous.en@gmail.com पर भेजें, जो 200 से 250 शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/ रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 17-23 जून 2023) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/ कुरुक्षेत्र/ आजकल की प्रतियां तीन महीने तक निःशुल्क भेजी जाएंगी.